# एस.एस.एल.सी. परीक्षा - 2017
# हिन्दी प्रश्न-पत्र के नमूने और उत्तर

## S.S.L.C. Examination - 2017
## Model Hindi Question Papers & Answers

മാതൃകാ ചോദ്യപേപ്പർ-1 नमूने का प्रश्न-पत्र-1

# केरल हिन्दी प्रचार सभा, तिरुवनन्तपुरम-14

## सुगम हिन्दी परीक्षा (स्टैन्डार्ड-10) जनवरी 2017

समय : 1½ घंटे) (स्कोर : 40

***सामान्य निर्देशः*** • सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें। • पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है। इस समय पर कुछ भी न लिखें।

**सूचना : तालिका की पूर्ति करके लिखें।** 2

1.

| पाठ | प्रोक्ति | लेखक |
|---|---|---|
| ठाकुर का कुआँ | कहानी | ............... |
| ............... | जीवनी | गीत चतुर्वेदी |
| जगहों के नाम | ............... | तेजी ग्रोवर |
| गुठली तो पराई है | कहानी | ............... |

**सूचना : सही मिलान करके लिखें।** 3

2 साहिल की आँखें - बीरबहूटी की तरह लाल
साहिल के आँसू - बीरबहूटी के रंग
साहिल की चोट - बारिश की बूँदें

**सूचनाः कोष्ठक से घटनाएँ चुनकर क्रमबद्ध रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।** 2

3
- गंगी कुएँ से पानी भर रही थी।
- ...................................
- रस्सी, घड़ा छोड़कर घर लौटी।
- ...................................

(• वहाँ जोखू गंदा पानी पी रहा था। • ठाकुर की आवाज़ सुनकर डर गई।)

**सूचनाः निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से गुठली की विशेषताएँ चुनकर लिखें।** 2

4
- बुआ के उपदेश सुनने में तत्पर
- लड़की-लड़के में समभाव चाहनेवाली
- भाई की बात नहीं माननेवाली



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

**सूचना : 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।** (2×2=4)

5. 'पेट भर खाना, सर ढँकने को छत मिल जोए तो परदेश भी घर हो जाता है।' यह कथन किस सामाजिक सच्चाई की ओर इशारा करता है?

6. 'यह बारिशों से पहले की बारिश का दिन था।' बीरबहूटी कहानी के प्रसंग में यह कैसे सार्थक होता है?

7. इतिहास की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने

सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले! – इन पंक्तियों से कवि क्या बताना चाहता है?

**सूचना:8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।**(3×4=12)

8 मान लें, रेगिस्तान के शूटिंग-अनुभवों के बारे में सत्यजित राय ने अपने मित्र के नाम पत्र लिखा। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

*(सोनार केल्ले का शूटिंग – विजन प्रदेश में – ऊँट और रेलगाड़ी का प्रबंध – कठिनाई से शूटिंग पूरा करना)*

8 जोखू बीमार पड़ा है। पीने केलिए घर पर गंदा पानी ही है। जोखू अपनी पत्नी गंगी से साफ़ पानी माँगता है। इस प्रसंग में गंगी और जोखू के बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

*(तू सड़ा पानी न पिलाना – जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा – दूसरा पानी लाऊँ – साहू और ठाकुर के दो कुएँ - उनसे मिलने की संभावना नहीं)*

9 घायल बेला सिर पर सफ़ेद पट्टी बाँधकर स्कूल पहुँचती है। बच्चे कुछ-न-कुछ कहकर उसे चिढ़ा रहे हैं। इस दृश्य केलिए पटकथा तैयार करें।

*(पात्रों की वेश-भूषा, आयु, दृश्य का विवरण, पात्रों के बीच का वार्तालाप)*

11 'पेड़ हमारे मित्र' विषय पर पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही हैं जल-थल में।
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है
अवनि और अंबर तल में।

12 अवनि और अंबर तल में क्या बिछी हुई है? 1

13 कवितांश केलिए उचित शीर्षक लिखें। 1

14 कवितांश का आशय लिखें। 3



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

**सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

15 उचित विशेषण शब्द चुनकर वाक्यों की पूर्ति करें। (सुंदर, छोटे, बड़ा, तीन) 2

एक ..... पेड़ था। उसमें एक ..... घोंसला था। घोंसले में ..... बच्चे थे। चिड़िया ..... बच्चों को खिलाती थी।

16 **रेखांकित अंशों का संशोधन करके लिखें।** 2

गणेश की परिवार छोटा है। माँ और बहन थे। परिवार गरीब थी। माँ को काम करनी पड़ता था।

17 **कोष्ठक से उचित योजक शब्द चुनकर वाक्यों को मिलाकर लिखें।** 1

पानी बरस रहा है। छतरी ले जाओ। (इसलिए / लेकिन)

**सूचना : निम्नलिखित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म कोलकत्ते में हुआ। उनके पिता देवेंद्रनाथ टैगोर थे। माता का नाम शारदा देवी था। बचपन से ही काव्य-रचना के प्रति उनकी रुचि थी। 'पृथ्वीराज पराजय' उनकी पहली रचना है।

18 'पहली रचना' में 'पहली' शब्द (संज्ञा है, विशेषण है, क्रिया है, सर्वनाम) 1

19 'उनकी' में सर्वनाम है (वे, ये, वह, यह) 1

20 रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म कहाँ हुआ? 1

21 उनके माता-पिता कौन-कौन थे? 2

**മാതൃകാ ചോദ്യപേപ്പർ-2 नमूने का प्रश्न-पत्र-2**

# केरल हिन्दी प्रचार सभा, तिरुवनन्तपुरम-14

## सुगम हिन्दी परीक्षा (स्टैन्डार्ड-10) जनवरी 2017

समय : 1½ घंटे) (स्कोर : 40

***सामान्य निर्देश:*** • सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें। • पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है। इस समय पर कुछ भी न लिखें। • 5 से 7 तथा 8 से 11 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

सूचना : तालिका की पूर्ति करके लिखें। 2

1.

| पाठ | प्रोक्ति | लेखक |
|---|---|---|
| जैसलमेर | यात्रावृत्त | ............... |
| ............... | कविता | राजेश जोशी |
| टूटा पहिया | ............... | धर्मवीर भारती |
| ............... | लेख | मुकेश नौटियाल |

सूचना:कोष्टक से घटनाएँ चुनकर क्रमबद्ध रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति करके लिखें। 2

2. • माँ और मैनेजर के बीच बहस हुई।
- .......................................।
- चार्ली को स्टेज पर ले गया।
- .......................................।

(चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरु किया।
चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा।)

मिलान करके लिखें। 3

3.

| | |
|---|---|
| साहिल की आँखें | घर भर की आँखें चमक उठीं। |
| गंगी नहीं जानती थी | बीरबहूटी की तरह लाल। |
| कई दिनों के बाद घर में दाने आए। | उबालने से पानी की खराबी जाती रहती है। |

सूचना: निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से गुठली की विशेषताएँ चुनकर लिखें। 2

4. • बड़ी बुआ से बातें करना पसंद न करनेवाली
- बुआ की बातें चुपचाप माननेवाली
- सामाजिक असमानता के खिलाफ़ आवाज़ उठानेवाली

सूचना: 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। 2 x 2 = 4

5. 'कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास, कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास' – चूल्हे का रोना और चक्की का उदास होना – इसका मतलब क्या है?



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

6. 'शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा' – यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है?

7. 'पेट भर खाना, सर ढँकने को छत मिल जाए तो पर देश भी घर हो जाता है – यह कथन किस सामाजिक सच्चाई की ओर इशारा करता है?

**सूचना: 8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर लिखें।** 3x4=12

8. चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार – इस अनुभव के बारे में माँने अपनी डायरी लिखी। डायरी का वह पन्ना कल्पना करके लिखें।

9. बेला और साहिल स्याही भरवाने के लिए दुकान पहुँचे। दूकानदार और उनके बीच हुए वार्तालाप लिखें।

10. गुठली अपने मन की बातें सहेली को बताना चाहती है। सहेली के नाम गुठली का वह पत्र कल्पना करके लिखें।

11. अपने बचपन से वंचित कई बच्चे हैं। उनकी मदद करना हमारी भी जिम्मेदारी है। बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना: कवितांश पढ़कर 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

है ईश्वर ! न देना ज़रूरत से ज्यादा
मैं बंदा हूँ तेरा बहुत सीधा – सादा
मुझे इससे सबकी मुहब्बत मिलेगी
किसी से न कोई शिकायत मिलेगी।
ज़रूरत हुई तो मैं फिर माँग लूँगा,
तुम्हारे भरोसे मैं खुश रह सकूँगा।

*बंदा = भक्त, भरोसा = विश्वास*

12. कवि किसके भरोसे खुश रहेगा? 1

13. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

14. कवितांश का आशय लिखें। 3

**सूचना:- रेखांकित अंशों का संशोधन करके वाक्यों का पुनर्लेखन करें।** 2

15. गणित <u>का</u> कक्षा थी। अध्यापक ने एक सवाल <u>दी</u>। एक <u>लडका</u> ने नकल किया। घर ज़ाने पर लड़के को पश्चाताप <u>हुई</u>।

**सूचना: कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्यों की पूर्ति करके लिखें।**
(अच्छे, बड़े, खाली, पागल) 2



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

16. गणितज्ञ रामानुजम एक .......... दफ्तर में काम करते थे। वे..........समय हिसाब का हल करते थे। साथी समझते थे कि वह..........आदमी है। ..........कागज़ को खराब कर रहा है।

**सूचनाः उचित योजक का प्रयोग करके वाक्यों को मिलाकर लिखें।** 1

17. मित्र नहीं आया। मुझे अकेला जाना पड़ा। (क्योंकि, इसलिए)

**सूचनाः निम्नलिखित खंड पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

जीवन में मेहनत का बड़ा महत्व है। राष्ट्रनिर्माता चाचा नेहरू ने "आराम हराम है" का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि किसी देश की तरक्की वहां के नागरिकों की सच्ची लगन और मेहनत पर निर्भर करती है। मेहनत से हम अपनी ही नहीं देश की भी तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं।

18. 'आराम हराम है' का नारा किसने दिया था? 1

19. 'बड़ा महत्व' में बड़ा शब्द (संज्ञा है, सर्वनाम है, विशेषण है, क्रिया है) 1

20. उन्होंने में प्रयुक्त सर्वनाम है – (यह, ये, वह, वे)

21. मेहनत से क्या लाभ होते हैं? 2

മാതൃകാ ചോദ്യപേപ്പർ–3 नमूने का प्रश्न-पत्र-3

# केरल हिन्दी प्रचार सभा, तिरुवनन्तपुरम-14

## सुगम हिन्दी परीक्षा (स्टैन्डार्ड-10) जनवरी 2017

समय : 1½ घंटे) (स्कोर : 40

निर्देश : • सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें। • पन्द्रह मिनट 'कूल ऑफ टाइम' दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए हैं। • 5 से 7 तथा 8 से 11 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।

**1. सूचनाः तालिका की पूर्ति करके लिखें।** (2)

| पाठ | प्रोक्ति | लेखक |
|---|---|---|
| ठाकुर का कुआँ | कहानी | (क)........... |
| (ख)........... | टिप्पणी | नरेश सक्सेना |
| जैसलमेर | (ग)........... | मिहिर पांडेय |
| टूटा पहिया | कविता | (घ)........... |



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

2. **सूचना: कोष्ठक से घटना चुनकर क्रमबद्ध रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति करके लिखें।** (2)

- माँ स्टेज से हटने को मज़बूर हुई।
- ............................
- बीच में चार्ली ने गाना रोक दिया।
- ............................

(• पैसे बटोरने की घोषणा ने हॉल को हँसीघर बना दिया। • चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरु किया।)

3. **सूचना: सही मिलान करें।** 3

| | |
|---|---|
| इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है। | गुठली के ताऊजी |
| पानी कहाँ से लाएगी? | साहिल |
| अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते। | जोखू |

**सूचना: निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से 'बेला' की विशेषताएँ चुनकर लिखें।** (1x2=2)

4. • एकदम स्वाभिमानी • जीव-जंतुओं से ममता रखनेवाली
   • दोस्ती पर विश्वास न रखनेवाली

**सूचना: 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।** (2x2=4)

5. 'जब तक हिमालय रहेगा, ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा।'–इसका क्या तात्पर्य है?

6. 'शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा'। यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर की मुँह से क्यों की गई है?

7. 'जानना' शब्द की नरेश सक्सेना की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत हैं?

**सूचना: 8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।** (3x4=12)

8. गुठली अपने मन की बातें सहेली को बताना चाहती है। लिखें सहेली के नाम गुठली का पत्र।

9. 'प्रकृति संरक्षण' पर 4 नारे बनाएँ।



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

10. सोनार केल्ला फिल्म के शूटिंग अनुभवों से प्रभावित होकर कुछ स्कूली बच्चे सत्यजीत राय से मिलने गए। वे उनसे क्या-क्या पूछे होंगे?

11. बालश्रम एक बडा अभिशाप विषय पर लघु लेख तैयार करें।

**सूचना: उचित योजक चुनकर वाक्य जोडे को मिलाकर लिखें।**

12. छुट्टी नहीं मिली। सबेरे जाना पडा। (लेकिन, इसलिए) 1

**सूचना: 'लग' जोड़कर उचित रूप से वाक्य की पूर्ति करें।** 1

13. गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें........... (कर)।

**सूचना: कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें।** (½ x 4 = 2)
(लाल, बहुत बडे, गहरे हरे, बडे से)

14. गुलमोहर के पेड़ पर पत्ते....... रहते और कभी......गुलमोहर पर अचानक एक फूल खिला दिख जाता।........ पेड़ के बीच में एक.....फूल!

**सूचना: निम्नलिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

जन्मते ही बच्चा
नहीं जानता नाम
नहीं जानता गाँव
उसे
हम ही सिखाते हैं सब।
जन्मते ही बच्चा
नहीं जानता चलना
नहीं जानता पहनना
उसे
हम ही सिखाते हैं सब
जन्मते ही बच्चा
नहीं जानता झूठ
नहीं जानता पाप
उसे
हम ही सिखाते हैं सब

15. जन्म लेते ही बच्चा कैसा होता है? 1

16. कवितांश केलिए उचित शीर्षक लिखें। 1

17. कवितांश का आशय अपने शब्दों में लिखें। 3

**सूचना: निम्नलिखित अंश का संशोधन करके लिखें।** (½ x 4=2)

18. सुन है इस किले <u>की</u> यह नाम सत्यजीत राय <u>का</u> इस नाम से एक <u>मपहूर</u> उपन्यास <u>में</u> मिला है।



jiniantonyv@gmail.com 9946899557

**सूचनाः निम्नलिखित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

भारतीय संस्कृति एक विशाल संस्कृति है। आज जब भी हम भारतीय संस्कृति की बात करते हैं तो हमारे जहन में उसके समक्ष आनेवाली चुनौतियाँ खड़ी हो जाती है। आज भूमंडलीकरण के दौर में जब प्रत्येक वस्तु में परिवर्तन आया है तो भारतीय संस्कृति इससे कैसे अछूती रह सकती है।

19. 'भारतीय संस्कृति' में संस्कृति शब्द (क्रिया है, विशेषण है, संज्ञा है) 1

20. भारतीय संस्कृति कैसी है? 1

jiniantonyy@gmail.com 9946899557

21. भारतीय संस्कृति में भूमंडलीकरण का कौन-सा प्रभाव होता है? 1

22. 'इससे' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन-सा है? 1